प्रादेशिक समाचार
दिनांक–25.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)
मुख्य समाचार

- झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के नामांकन का आज आखिरी दिन, अब तक 748 उम्मीदवारों ने भरा पर्चा।
- कांग्रेस ने झारखंड में सात और सीटों पर उम्मीदवार उतारे, पाकुड़ से जेल में बंद आलमगीर आलम की पत्नी को मिली टिकट, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने दो उम्मीदवारों की चौथी सूची की जारी।
- प्रवर्तन निदेशालय ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई और निजी सचिव को भ्रष्टाचार के मामले में भेजा समन।
- राज्य में दिखने लगा चक्रवात दाना का असर, मौसम विभाग ने आज भारी बारिश की चेतावनी जारी की, तूफान को देखते हुए कोल्हान के इलाके में सभी स्कूल आज बंद।

*****************

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन का आज अंतिम दिन है। इस चरण में राज्य के 43 निर्वाचन क्षेत्रों में 13 नवम्बर को वोट डाले जायेंगे। अब तक सात सौ 48 उम्मीदवारों ने नामांकन भरा है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बरहेट से नामांकन भरा, जबकि विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी ने चंदनक्यारी सीट और विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र कुमार महतो ने नाला सीट से पर्चा भरा है। नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्तूबर को होगी, 30 अक्तूबर तक नाम वापस लिये जा सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद से तलाशी अभियान में राज्य के विभिन्न भागों से गैर कानूनी सामग्री और 27 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की गई है।

*****************

कांग्रेस ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए सात और सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। पार्टी ने हजारीबाग जिले की बरही सीट से मौजूदा विधायक उमाशंकर अकेला का टिकट काटकर उनकी जगह अरुण साहू को उम्मीदवार बनाया है। मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जगह उनकी पत्नी निशत आलम को पाकुड़ से उम्मीदवार बनाया गया है। रांची जिले की कांके सुरक्षित सीट पर सुरेश कुमार बैठा को टिकट दी गयी है। पलामू जिले की पांकी सीट से लाल सूरज और डाल्टनगंज से कांग्रेस ने के.एन. त्रिपाठी और छतरपुर सुरक्षित सीट से राधाकृष्ण किशोर को उम्मीदवार बनाया है। राधाकृष्ण किशोर दो दिन पहले ही कांग्रेस में शामिल हुए हैं। हालांकि वह इसी पार्टी से पहले विधायक रह चुके हैं।

इधर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने प्रत्याशियों की चौथी सूची जारी की है। खूंटी से प्रत्याशी बदला गया है। स्नेहलता कंडुलना की जगह अब रामसूर्या मुंडा को टिकट दी गयी है। सरायकेला सीट से गणेश महली को उम्मीदवार बनाया गया है। गणेश महली ने पहले चम्पाई सोरेन के खिलाफ बीजेपी से चुनाव लड़ा था।

*****************

झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीच आरोप–प्रत्यारोप तेज हो गये हैं। भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा चुनाव सह–प्रभारी हिमंता बिस्वसरमा ने कहा कि भाजपा यह चुनाव झारखंड के विकास के लिये लड़ रही है।

दूसरी तरफ झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही है।

*****************

प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जल जीवन मिशन में अनियमितता मामले में मनी लांड्रिंग के तहत मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई विनय कुमार ठाकुर और निजी सचिव हरेंद्र कुमार को समन भेजा है। उन्हें अगले सप्ताह पूछताछ के लिए रांची स्थित ईडी कार्यालय में बुलाया गया है। इस संबंध में 14 अक्टूबर को सभी संबंधितों से जुड़े 18 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*****************

सुप्रीम कोर्ट पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की याचिका पर आज सुनवाई करेगा। उन्होंने कोयला घोटाले में अपने दोष सिद्धि पर रोक लगाने की मांग की है ताकि वह राज्य विधानसभा में चुनाव लड़ सकें। बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने दोष सिद्धि पर रोक की मांग वाली याचिका को 18 अक्टूबर को खारिज कर दिया था। इस मामले में कोड़ा को वर्ष दो हजार सत्रह को निचली अदालत ने तीन वर्ष जेल की सजा सुनाई थी।

*****************

चक्रवात दाना को लेकर झारखंड में भी अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि रांची, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम तथा सरायकेला समेत कई जिलों में तेज हवा के साथ भारी से भारी बारिश की चेतावनी की है। कल देर रात चक्रवाती तूफान दाना 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ओडिशा के भीतरकणिका और धामरा के बीच टकराया।

इधर चक्रवात दाना के आगमन पर IMD भुवनेश्वर की निदेशक डॉ. मनोरमा मोहंती ने कहा कि चक्रवात दाना ने उत्तर पश्चिमी भाग में गति की है। चक्रवात की गति 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटा है।

*****************

रांची के संतोष प्रजापति और उनके परिवार के लिए मिट्टी के दीए बनाना सिर्फ एक व्यवसाय नहीं है बल्कि भगवान श्रीराम के प्रति सच्ची आस्था जताने का माध्यम भी है। यह परिवार पिछले एक दशक से भी अधिक वर्षों से हर दीपावली पर श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या के लिए मिट्टी का दीया बना कर भेजता रहा है।

*****************

युवा मामले और खेल मंत्रालय ने खेल पुरस्कार 2024 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन को पुरस्कृत करने के लिए यह पुरस्कार हर साल प्रदान किये जाते हैं। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार किसी खिलाड़ी द्वारा खेल में शानदार और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। अर्जुन पुरस्कार इस क्षेत्र में आजीवन योगदान के लिए दिया जाएगा। द्रोणाचार्य पुरस्कार प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में पदक विजेता तैयार करने वाले कोचों को दिया जाता है।

*****************

अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होने वाले अखबारों ने विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामांकन और चक्रवात दाना से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने झामुमो नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित राज्य के सभी दलों के उम्मीदवारों के नामांकन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने लिखा है– हेमंत, कल्पना, अमर, सरयू, सीपी सहित तीन सौ तैंतीस ने किया नामांकन।

दैनिक भास्कर ने लिखा – एक दिन में तीन सौ तैंतीस नामांकन, यह नया रिकॉर्ड।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है – दाना को देख सतर्कता बढ़ी, कोल्हान में आज स्कूल बंद।

हिन्दुस्तान टाइम्स और द टाइम्स आफ इंडिया ने साइक्लोन दाना की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*****************